विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के द्वितीय शुक्रवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-6 का उत्तर

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 6 (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि ग्राम-धुवार्जन, तहसील-सैदपुर,जनपद-गाजीपुर में गुपेश,शिवम,देव मुन्नी, माया, आदि के पिता व पति का निधन हो जाने के पश्चात वरासत के आधार पर इन लोगों का नाम राजस्व अभिलेखों में पंजीकृत करा दिया गया है? | जी हॉ। |
| (ख) यदि हाँ,तो उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | प्रकरण में आवेदक, ग्राम धुवार्जुन तहसील सैदपुर, जनपद गाजीपुर का मूल निवासी है। ग्राम धुवार्जुन के सम्बन्ध में आवेदक की वरासत पूर्व में दिनांक 23.07.2024 को हो चुकी है। इसके अतिरिक्त अन्य चार ग्रामों 1- मुहम्मदतकी, 2- हरिसिंह पट्टी, 3- पहलाटोला, 4- काधपुर में आवेदन न किये जाने के कारण वरासत की कार्यवाही नहीं की गयी थी। प्रकरण संज्ञान में आने पर लेखपाल द्वारा आवेदक से सम्पर्क करके अपने स्तर से आवेदन करके वरासत की कार्यवाही पूरी करते हुए दिनांक 24.02.2025 को वरासत खतौनी में दर्ज करा दिया गया है। |
| (ग) यदि नहीं, तो कब तक उपरोक्त प्रार्थीगणों का नाम समस्त औपचारिकतॉयें पूर्ण कराते हूए वरासत के आधार पर राजस्व अभिलेखों में पंजीकृत करा दिया जायेगा? | उपर्युक्तानुसार। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री।